Need to construct dam at Panchal Ghat and Dhai Ghat on river Ganga in Farrukhabad Parliamentary Constituency - laid

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद, गंगा तथा रामगंगा नदी के तट पर बसा हुआ क्षेत्र है। लगभग 100 कि. मी. गंगा और रामगंगा मेरे संसदीय क्षेत्र में बहती है। प्रतिवर्ष गंगा और रामगंगा में बाढ़ आने की वजह से हजारों एकड़ जमीन और गाँव गंगा व रामगंगा नदी में होने वाले कटान के कारण बह जाते है। इतना ही नहीं पांचाल घाट के पास गंगा में अधिक कटान होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 सी के बहने का खतरा बराबर बना रहता है। अतः माननीय जलशक्ति मन्त्री जी से विनम्र निवेदन है कि पांचाल घाट और ढाई घाट गंगा के उत्तरी किनारे पर लगभग 2-2 कि. मी. लम्बा बाँध बनवाने का कष्ट करें जिससे कि गंगा नदी में होने वाले कटान से मुक्ति मिल सके और ग्रामीणों के गाँव और खेत गंगा में बहने से बच सकें एवं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 सी को भी सुरक्षित किया जा सके।